# निमंत्रण पत्र

आज निमंत्रण केवल महत्त्वपूर्ण सामाजिक या धार्मिक अनुष्ठानों तक ही सीमित नहीं रहे बल्कि अब तो चाय, जलपान, कवि सम्मेलन, नाटक आदि के लिए भी निमंत्रण भेजे जाने लगे हैं। विवाह, जन्मदिन, मुंडन, यज्ञोपवीत संस्कार आदि में तो निमंत्रण – पत्र भेजे ही जाते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करने पर, समारोह मनाए जाने के लिए भी निमंत्रण पत्र भेजकर लोगों को आमंत्रित किया जाता है ।

निमंत्रण पत्र के प्रकार : (i) ०यक्तिगत निमंत्रण पत्र

(ii) पारिवारिक निमंत्रण पत्र

(iii) सार्वजनिक या सामाजिक निमंत्रण पत्र

**निमंत्रण पत्र तथा अन्य पत्रों में अंतर :**

1. निमंत्रण पत्र में सामान्य पत्र की तरह भेजने वाले का नाम, पदनाम अंत में पूरा पद न लिखकर संक्षिप्त रूप में लिखते हैं।
2. निमंत्रित करने वाले व्यक्ति एक से अधिक हो सकते हैं।
3. संबोधन और अभिवादन निमंत्रण पत्र में होना अनिवार्य नहीं है ।
4. सामान्य पत्र में तिथि और स्थान पत्र के आरंभ में दिए जाते हैं जबकि निमंत्रण पत्र के अंत में दिए जाते हैं।
5. पत्र में नाम, पदनाम तथा पता विस्तार से देना होता है जबकि निमंत्रण पत्र में केवल नाम लिखते हैं।
6. निमंत्रण पत्र में भेजने वाले के हस्ताक्षर नहीं होते। निमंत्रण पत्र छपे हुए रूप में होते हैं, केवल पाने वाले का नाम ही स्याही से लिखा जाता है या कंप्यूटर से छापा जाता है।
7. पत्र सामान्य काग़ज पर लिखे जाते हैं जबकि निमंत्रण पत्र विभिन्न आकर्षक रूपों, रंगीन कागज, या रंगीन चिकने मोटे कागज पर भी हो सकते हैं और ये हजारों की संख्या में छापे जाते हैं।

**व्यक्तिगत निमंत्रण पत्र**

प्रिय बहन/भाई................,

सहर्ष सूचित हों कि मैंने कुमारी रेखा के साथ 1 अक्टूबर 2015 को विवाह करने का निश्चय किया है। विवाह पंजीयन के पश्चात् अपने निकटस्थ मित्रों तथा रिश्तेदारों के लिए मेरे घर पर एक प्रीतिभोज का आयोजन उसी दिन शाम को 6–00 बजे किया गया है।

इस अवसर पर आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थित है।

99, टंकशाल रोड — आपका,

पीलीभीत — विकास

**सरकारी निमंत्रण पत्र**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति अहमदाबाद के अध्यक्ष एवं सचिव

हिंदी दिवस समारोह, 14 सितंबर, 2015 के पावन अवसर पर

दोपहर 12–00 बजे समिति के सभागृह में आपको सादर आमंत्रित करते हैं। समय पर उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँ।

– अध्यक्ष

**स्वाध्याय**

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के एक-दो वाक्यों में उत्तर दीजिए :**

   (1) निमंत्रण पत्र किसे कहते हैं ?

   (2) निमंत्रण पत्र के प्रकार लिखिए।

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :**

   (1) निमंत्रण पत्र का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

   (2) सार्वजनिक निमंत्रण पत्र का पारूप प्रस्तुत कीजिए ?

**योग्यता-विस्तार**

**विद्यार्थी-प्रवृत्ति**

● आपके घर आए हुए विभिन्न निमंत्रण पत्रों का संग्रह करें।

● आपके जन्मदिवस का निमंत्रण पत्र तैयार कीजिए।

**शिक्षक-प्रवृत्ति**

● विभिन्न प्रकार के निमंत्रण पत्रों का छात्रों द्वारा अलबम तैयार करवायें।

●